WWW.SARKARIRESULT.COM

Sarkari Result नाम से मिलती–जुलती फर्जी Website से सावधान रहे हमेशा Type करे WWW.SARKARIRESULT.COM

UPTET 2018 Short Details

शिक्षक पात्रता परीक्षा 28 अक्तूबर को

सत्रह सितंबर से तीन अक्तूबर तक अभ्यर्थी कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2018 का आयोजन 28 अक्तूबर को दो पारियों में किया जाएगा। इसका परिणाम मात्र 23 दिन बाद 20 नवंबर को जारी कर दिया जाएगा। परीक्षा नियामक प्राधिकारी सुत्ता सिंह ने बुधवार को टीईटी का कार्यक्रम जारी कर दिया।

सुत्ता सिंह ने बताया कि 15 सितंबर को टीईटी 2018 का विज्ञापन जारी किया जाएगा। 17 सितंबर से 3 अक्तूबर तक टीईटी के ऑनलाइन आवेदन के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। 4 अक्तूबर तक आवेदन शुल्क जमा किया जाएगा। 5 अक्तूबर को शाम 6 बजे तक आवेदन पूर्ण कर आवेदन पत्र का प्रिंट लिया जा सकेगा।

परीक्षा केंद्र निर्धारित करने के लिए जिला स्तर से टीईटी आवेदकों की संख्या 4 अक्तूबर तक परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव को प्रस्तुत की जाएगी। 10 अक्तूबर तक जिला स्तरीय समिति परीक्षा केंद्र निर्धारित करेगी। 12 अक्तूबर तक परीक्षा केंद्रों की सॉफ्ट कॉपी एनआईसी लखनऊ को भेजी जाएगी। एनआईसी लखनऊ की ओर से 17 अक्तूबर की दोपहर तक टीईटी के लिए प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। 28 अक्तूबर को पहली पाली में सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक प्राथमिक स्तर के अभ्यर्थियों की शिक्षक पात्रता परीक्षा होगी। दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक उच्च प्राथमिक स्तर के अभ्यर्थियों के लिए टीईटी होगा।

29 अक्तूबर को आंसर की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। 1 नवंबर तक इस पर ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज की जाएगी। 12 नवंबर तक आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 20 नवंबर को टीईटी का परिणाम जारी किया जाएगा। इसके एक महीने के भीतर टीईटी के प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा दिसंबर के पहले सप्ताह में, अंतिम हफ्ते में नियुक्तियां: बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रभात कुमार ने बताया कि टीईटी का परिणाम जारी होने के बाद दिसंबर के पहले सप्ताह में सहायक अध्यापक भर्ती लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक काउंसलिंग कर चयनित अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापक पद पर नियुक्तियां दे दी जाएंगी।

परीक्षा के 23 दिन बाद 20 नवंबर को आएगा टीईटी का रिजल्ट

यूपी-टीईटी, पीसीएस-2018 एक दिन, होगी परेशानी

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस-2018 की प्रारंभिक परीक्षा और बुधवार को घोषित यूपीटीईटी की तिथि एक ही दिन 28 अक्तूबर घोषित करने से परेशानी बढ़ गई है। दो प्रमुख परीक्षाएं एक दिन पड़ने से परीक्षार्थियों की परेशानी के साथ परीक्षा कराने वाली एजेंसियों की परेशानी बढ़ जाएगी। दो बड़ी एक दिन पड़ने से परीक्षार्थियों को एक परीक्षा से वंचित होना पड़ सकता है। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) की तिथि 28 अक्तूबर घोषित करने के बाद शहर में परीक्षार्थियों की भीड़ बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा की तिथि भी 28 अक्तूबर पड़ने से शहर के स्कूल-कॉलेजों को दोनों परीक्षा कराने वाली एजेंसियों को केंद्र बनाने के लिए जगह तलाशने के लिए परेशानी होगी। दोनों परीक्षाएं राज्य की होने के चलते सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अथवा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अपनी परीक्षा की तिथियों में बदलाव करना पड़ सकता है।

SarkariResult.Com

SARKARI

SarkariResult.Com Free Mobile Apps

Download from Windows Store

Available on the App Store

GET IT ON Google play

twitter

facebook